पत्रांक–18/वि0–1–06/2018 (खंड–1)......–943

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग।

प्रेषक,

आर0 के0 महाजन (भा0प्र0से0)
अपर मुख्य सचिव

सेवा में

सभी निदेशक
शिक्षा विभाग

पटना, दिनांक...26.04.2019

विषयः– CFMS क्रियान्वयन के फलस्वरूप Employee Data validation एवं वेतन निकासी की व्यवस्था के संबंध में।

प्रसंग– वित्त विभाग के पत्रांक–को0प्र0/कम्प्यूटर–07/2015–3695 दि0–22.4.19.

महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन पत्र की छाया प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि दिनांक–01.04.2019 से राज्य सरकार के सम्पूर्ण वित्तीय कार्यों को पूर्णतः ऑन लाइन करने हेतु CTMIS के स्थान पर CFMS का क्रियान्वयन किया गया है।

समीक्षा के क्रम में पाया गया है कि कार्यालयों द्वारा अपने सभी कर्मियों का Employee Data validation एवं उसके Approval के पश्चात ही उनके वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके कारण विभाग में शिक्षकों एवं विभिन्न कार्यालय कर्मियों के वेतन भुगतान में विलंब हो रहा है।

अतः उक्त स्थिति में निदेश दिया जाता है कि CFMS के Employee maintenance modules के अन्तर्गत सम्बन्धित निदेशालय, संस्थान अथवा क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा जैसे–जैसे अपने कर्मियों/पदाधिकारियों का Employee Data validation एवं Approval का कार्य सम्पन्न हो रहा है वैसे–वैसे उक्त कर्मियों के वेतन भुगतान की निकासी की जाय। एक माह में इस प्रकार से अलग–अलग वेतन विपत्र के माध्यम से खंड–खंड में भी वेतन की निकासी संभव है, ताकि अधिकाधिक शिक्षकों/कर्मियों का वेतन भुगतान ससमय हो सके।

अनुलग्नकः–यथोक्त ।

विश्वासभाजन
(हस्ताक्षर) 26/4/19
(आर0 के0 महाजन)
अपर मुख्य सचिव



Desktop/Total File RK/Sh/sec-18

ज्ञापांक – 18/वि0–1–06/2018 (खंड–1)–943 पटना, दिनांक 26.04.19

प्रतिलिपिः– सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी प्राचार्य, CTE /DIET/PTEC/BITE/ निदेशक, राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना/निदेशक, जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान/निदेशक, मिथिला स्नात्तकोतर अध्ययन एवं संस्कृत शोध संस्थान, दरभंगा/निदेशक, अरबी एवं फारसी शोध संस्थान, पटना/निदेशक, प्राकृत जैन शास्त्र एवं अहिंसा शोध संस्थान, वैशाली/निदेशक, के0पी0जायसवाल शोध संस्थान/निदेशक, प्रक्षेत्रीय अभिलेख पर्यालोचन समिति, पटना/ग्रामीण उच्चतर शिक्षण संस्थान, विरौली समस्तीपुर/चेयरमैन, सरकारी उर्दू लाइब्रेरी, पटना/प्राचार्य, मदरसा इस्लामिया शम्सुल होदा, पटना/प्राचार्य, सरकारी महिला कॉलेज गर्दनीबाग/प्राचार्य, सरकारी महिला कॉलेज, गुलजारबाग/सहायक निदेशक, संस्कृत बोर्ड/निदेशक, स्नातकोत्तर शिक्षण एवं शोध संस्थान पटना/ सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति/प्रभारी पदाधिकारी, CFMS कोषांग/बजट पदाधिकारी, शिक्षा विभाग/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, योजना एवं लेखा/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, SSA को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2 आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(आर0 के0 महाजन) 25/4/19
अपर मुख्य सचिव